| | |
|---|---|
| दिनांक 05.05.2025 | |
| प्रेस विज्ञप्ति 08/2025 | |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## जनपद सीतापुर/थाना लहरपुर

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 25 हजार रूपये नगद**
- **01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट)**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 05.05.2025 को थाना लहरपुर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर महुआताल मोड़ के पास पुलिस कार्यवाही में पुरस्कार घोषित अभियुक्त आरिफ को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लूट के 25 हजार रूपये नगद, 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट), 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना लहरपुर पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद खीरी, सीतापुर के विभिन्न थानों पर लूट, चोरी, धोखाधड़ी आदि के 09 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना लहरपुर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–आरिफ निवासी ग्राम जेठरा थाना खमरिया जनपद लखीमपुर खीरी।

**बरामदगी**

1– लूट के 25 हजार रूपये नगद।

2–01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट)।

3–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

**जनपद अलीगढ़/थाना हरदुआगंज**

- **पुलिस कार्यवाही में 04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 75 हजार रूपये नगद**
- **01 मोबाइल फोन**
- **घटना में प्रयुक्त 01 चार पहिया वाहन**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 04/05.05.2025 की रात्रि थाना हरदुआगंज व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर माछुआ पुल के पास चेकिंग के दौरान बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–दीपक घायल हो गया, जिसे अभियुक्त 2–विशाल 3–छोटू उर्फ अंकुश 4–विपिन सहित गिरफ्तार किया गया। एक अन्य अभियुक्त मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के 75 हजार रूपये नगद, 01 मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त 01 चार पहिया वाहन, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल का उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि थाना हरदुआगंज क्षेत्रान्तर्गत बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना हरदुआगंज पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल की बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद नगद रूपये लूट की घटना से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त

विपिन के विरूद्ध जनपद फिरोजाबाद, अलीगढ़ के विभिन्न थानों पर चोरी, डकैती, हत्या, धोखाधड़ी, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 10 अभियोग, गिरफ्तार अभियुक्त दीपक के विरूद्ध जनपद अलीगढ़ के विभिन्न थानों पर लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट के 07 अभियोग व गिरफ्तार अभियुक्त विशाल के विरूद्ध जनपद अलीगढ़ के विभिन्न थानों पर चोरी, डकैती, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट आदि के कई अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना हरदुआगंज पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1—दीपक निवासी शेफपुर थाना पाली मुकीमपुर जनपद अलीगढ़।

2—विशाल निवासी खेड़िया धोकल थाना पालीमुकीमपुर जनपद अलीगढ़।

3—छोटू उर्फ अंकुश निवासी चंदनपुर थाना एका जनपद फिरोजाबाद।

4—विपिन निवासी जेड़ा थाना एका जनपद फिरोजाबाद।

**<u>बरामदगी</u>**

1—लूट के 75 हजार रूपये नगद।

2—01 मोबाइल फोन।

3—घटना में प्रयुक्त 01 चार पहिया वाहन।

4—02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## <u>जनपद बरेली/थाना इज्जतनगर</u>

- **पुलिस कार्यवाही में 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट का आभूषण**
- **01 दो पहिया वाहन**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 05.05.2025 को थाना इज्जतनगर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सहारा ग्राउण्ड के पास बदमाशों की घेराबंदी की गयी तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर

जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में 02 अभियुक्त 1—गनी खान 2—फरमान घायल हो गये, जिन्हे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट का आभूषण, 01 दो पहिया वाहन, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त गनी खान के विरूद्ध जनपद बरेली के विभिन्न थानों पर चोरी, हत्या का प्रयास, छिनैती आदि के कई अभियोग पंजीकृत है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—गनी खान निवासी दीवान खाना शाहाबाद कोहाडा पीर थाना प्रेमनगर जनपद बरेली।

2—फरमान निवासी कोहाडा पीर थाना प्रेमनगर जनपद बरेली।

**बरामदगी**

1—लूट का आभूषण।

2—01 दो पहिया वाहन।

3—02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## जनपद फतेहपुर/थाना कोतवाली

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **लगभग 09 लाख रूपये (कीमत) के चोरी के सोने—चांदी के आभूषण**
- **13 हजार 500 रूपये नगद बरामद**

दिनांक 05.05.2025 को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा सूचना के आधार पर उनवा आधारपुर मोड़ के पास से अभियुक्त दीपक कुमार को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 09 लाख रूपये (कीमत) के चोरी के सोने—चांदी के आभूषण, 13 हजार 500 रूपये नगद बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोर द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद सोने–चांदी के आभूषण उक्त चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1– दीपक कुमार निवासी जमुरवा शॅकरगंज थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।

**बरामदगी**

1–लगभग 09 लाख रूपये (कीमत) के चोरी के सोने–चांदी के आभूषण।

2–13 हजार 500 रूपये नगद।

**जनपद शाहजहाँपुर/थाना निगोही**

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 मोबाइल फोन**
- **01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनांक 05.05.2025 को थाना निगोही पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर धुल्लिया मोड ग्राम तालगॉव रोड के पास बदमाश की घेराबंदी की गयी तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त अशरफ घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 मोबाइल फोन, 01 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद शाहजहॉपुर के विभिन्न थानों पर हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट आदि के कई अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना निगोही पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1– अशरफ निवासी इनायतपुर थाना निगोही जनपद शाहजहॉपुर।

**बरामदगी**

1–01 मोबाइल फोन।

2–01 मोटर साइकिल।

3–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

————————